हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 14 मार्च 2026

06 शहर में 897 छत पर लगे सोलर पैनल, बन रही...



07 अव्यवस्था का आलमः 37 डिग्री तापमान में सड़क पर...





### स्थानीय पुलिस को नियमानुसार उपलब्ध नहीं कराई जाती विदेशी पर्यटकों की जानकारी

# एसडीएम नहीं करती संदेह, तो निजी रिसोर्ट में वन्यजीव आर्टिकल्स डिस्प्ले का नहीं होता खुलासा

फोरसिथ रिसोर्ट में वन्यजीव अवयवों के अवैध डिस्प्ले का मामला सामने आया है। सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी की रैंडम जांच के दौरान एक बंद कक्ष खुलते ही मामले का बड़ा खुलासा हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन स्थित एक निजी रिसोर्ट में वन्यजीव अवयव के डिस्प्ले का मामला प्रशासन की रेंडम जांच में सामने आया है। रिसोर्ट के एक बंद कक्ष को देख एसडीएम को हुए संदेह से मामला प्रकाश में आ सका है। शुक्रवार को हरिभूमि संवाददाता ने सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी से फोरसिथ रिसोर्ट में की गई जांच तथा उसमें पाई गई खामियों को लेकर चर्चा की। एसडीएम ने बताया कि गर्मी से टूरिज्म इंडस्ट्री का पीक टाइम शुरू होता है, जब पर्यटकों की खासी आमद होती है। जिसके चलते रिसोर्ट्स की औपचारिक जांच प्रशासनिक आदेश पर शुरू की गई थी। तब फोरसिथ रिसोर्ट के निरीक्षण में एक बंद कक्ष दिखाई दिया। जिसे खोलकर दिखाने की बात एसडीएम ने रिसोर्ट कर्मियों से कही। लेकिन कक्ष की चाबी किसी और मैनेजर के पास होने तथा उसके मौके पर नहीं होने के जवाब पर संदेह बढ़ा तो एसडीएम भल्लावी ने तत्काल कक्ष खोलने को कहा। रिसोर्ट कर्मियों की चुप्पी से संदेह गहराने ताला खुलवाया गया। और ताला खुलते ही वन्यजीवों के अवयव जैसे की हिरण के सींग, सेही के आंटे, सर्प की केंचुली आदि के डिस्प्ले की स्थिति सामने आई। और फिर यहां से जांच आगे बढ़ी तो खामियां सामने आई हैं।

### करो सभी की जांच

एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि अधीनस्थ विभागों को सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में बने सभी पर्यटन सुविधा केंद्रों व रिसोर्ट्स की जांच के आदेश दिये गए हैं। ये आदेश वन, राजस्व, पुलिस, आबकारी तथा खाद्य विभाग को दिए गए हैं। जिसमें सभी रिसोर्ट्स के डिस्प्ले, निर्माण क्षेत्र, विदेशी पर्यटक आमद की जानकारी, रसोईघर की जांच, बिजली कनेक्शन, सभी एनओसी के अनिवार्य प्रपत्रों की जांच के आदेश सम्मिलित हैं। पर्यावरण एवं वन्यजीव प्रेमियों के अनुसार यदि जांच गंभीर व निष्पक्ष हुई तो रिजर्व के आसपास संचालित रिसोर्ट्स में हड़कंप की स्थिति बन सकती है। फलस्वरूप रिसोर्ट इंडस्ट्री की दबाव परंपरा पालन में कई अधिकारी-कर्मचारी नप भी सकते हैं। जैसा कि होते आया है।

### पाई गई ये खामियां

एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने बताया कि फोरसिथ रिसोर्ट की निरीक्षण के दौरान नजर आया कि प्रवेश गेट मूल प्रॉपर्टी से काफी दूर है। मौके पर उपस्थित पटवारी से पूछा गया तो उसने दस्तावेज आधार पर गेट तथा बाउंड्रीवाल अतिक्रमण में होने की संभावना जताई। जिसके बाद एसडीएम ने तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े को निर्देशित किया है कि सीमांकन कराएं, ताकि अतिक्रमण का क्षेत्र स्पष्ट हो सके। इसके अलावा रिसोर्ट के किचन की जांच में बेसन तथा ब्रेड एक्सपायरी डेट की पाई गई। तो खाद्य विभाग अधिकारी ने बेसन, ब्रेड, पनीर व अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल लिये हैं। खाद्य विभाग को सभी रिसोर्ट्स की जांच के निर्देश एसडीएम ने दिये हैं।

### नहीं मिली फायर एनओसी

एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने बताया कि फोरसिथ रिसोर्ट समृद्ध जंगल के बीच बना है। जहां आगजनी की स्थिति भी हो सकती है। लेकिन रिसोर्ट में फायर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं मिली है। कुछ अग्निशमन यंत्र मिले हैं, जो पर्याप्त नहीं। रिसोर्ट प्रबंधन के पास फायर एनओसी भी नहीं मिली है। जिसके चलते इसी से जुड़े लिकर अर्थात शराब के परोसने के लाइसेंस को भी पर्याप्त नहीं माना जा सकता। एसडीएम के अनुसार चूंकि सरकारी संशोधित नियमों के अनुसार लिकर अर्थात शराब बेचने या परोसने का लाइसेंस तभी एक्टिव माना जाएगा जब व्यावसायिक प्रतिष्ठान के पास फायर विभाग की एनओसी होगी। और यह एनओसी नहीं मिली है।

### पुलिस को नहीं देते विदेशी पर्यटकों की जानकारी

जांच दौरान यह बात भी सामने आई कि रिसोर्ट द्वारा यहां आने वाले विदेशी पर्यटकों की जानकारी स्थानीय पुलिस को नहीं दी जाती है। यद्यपि एसडीएम भल्लावी ने कहा कि रिसोर्ट प्रबंधन द्वारा विदेशी पर्यटकों की आमद की जानकारी सरकार की संबंधित पोर्टल पर दर्ज की जाती है। सी फॉर्म भी विदेशी पर्यटकों से भराया जाता है। लेकिन नियमानुसार विदेशी पर्यटकों के आगमन की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी जानी चाहिए। पर्यावरण प्रेमियों के अनुसार यह कमी लगभग सभी रिसोर्ट में पाई जाएगी।

### जंगल का नया म्यूजियम

सोहागपुर के फोरसिथ रिसोर्ट में प्रशासन की रेंडम जांच के दौरान एक बंद कमरे का पर्दाफाश हुआ, जिसमें हिरण के सींग, सेही के कांटे और सांप की केंचुली जैसी प्रदर्शनी देखी गई। लगता है, इस रिसोर्ट्स ने टूरिज्म का नया तरीका अपना लिया था, जंगल से सीधे सजावट तक! प्रशासन भी दंग है! लगता है, कुछ रिसोर्ट्स ने वन्यजीव डेकोरेशन में नया ट्रेंड शुरू कर दिया है। एसडीएम ने सभी रिसोर्ट्स की जांच का आदेश दिया। अब पता चलेगा कि कौन टूरिस्ट आकर्षण बना रहा है और कौन नियमों की लाइन क्रॉस!

### देंगे नोटिस

फोरसिथ रिसोर्ट की कमियों को लेकर प्रबंधन को नोटिस दिया जाएगा। अतिक्रमण का भी सीमांकन किया जाना है। टूरिज्म पॉइंट के दृष्टिकोण से बहुत कमियां रिसोर्ट में पाई गई हैं।

**प्रियंका भल्लावी,** एसडीएम सोहागपुर

# नेशनल लोक अदालत आज होगी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला न्यायालय परिसर नर्मदापुरम में शनिवार को प्रातः10 से सायं 4 तक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित हो रहा है।

उप महाप्रबंधक (कार्या.) नर्मदापुरम वृत्त ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 के तहत लंबित मामलों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट भार तक के गैर-घरेलू, 10 अश्वशक्ति (एचपी) भार तक के औधोगिक उपभोक्ताओं को विशेष छूट का प्रावधान किया गया है। लिटिगेशन स्तर पर सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत तथा 16 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत तथा 16 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

उप महाप्रबंधक (कार्या.) नर्मदापुरम वृत्त ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में नर्मदापुरम वृत के अन्तर्गत लंबित (विचाराधीन) धारा-135 के 539 प्रकरण, राशि रूपये 281.06 लाख पर 20 प्रतिशत की छूट तथा प्री-लिटिगेशन धारा-135 के 6128 प्रकरण, राशि रूपये 1176.66 लाख पर 30 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही धारा-126 के अन्तर्गत 11449 प्रकरण, राशि रूपये 548.12 लाख लोक अदालत निराकरण हेतु नोटिस जारी किए गए है। कुल 18116 प्रकरण, राशि रूपये 2005.84 लाख पर नेशनल लोक अदालत में उपभोक्तानुसार दी जा रही छूट केवल उन प्रकरणों के लिए मान्य होगी, जिनमें आंकलित सिविल दायित्व की राशि रूपये 10 लाख तक हो। साथ ही अवगत कराया जाता है कि धारा-126 के अंतर्गत जिन प्रकरणों का निराकरण किया जाना है, उन्हें 01 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 के मध्य निराकृत किया जाएगा। अपने विद्युत प्रकरणों के लंबित नोटिस / प्रकरणों की जानकारी हेतु अपने संबंधित बिजली कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### 24 न्यायिक खण्डपीठ गठित

जिला न्यायालय नर्मदापुरम सहित तहसील न्यायालयों इटारसी, पिपरिया, सोहागपुर, सिवनीमालवा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस नेशनल लोक अदालत में मामलों की सुनवाई के लिए 24 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया है, जो न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति के आधार पर किया जायेगा। प्रीलिटिगेशन के रूप में ऐसे मामलें रखे जायेगें जो न्यायालय में पेश नहीं हुये है, जैसे विद्युत बिल बकाया से सबंधित 5810 मामले, बैंक ऋण बकाया से संबंधित 5098 मामले, टेलीफोन बिल बकाया से संबंधित 498, जलकर एवं संपत्तिकर, अन्य संबंधित 235 मामलों का निराकरण किया जायेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम की अध्यक्ष - प्रधान जिला न्यायाधीश एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा ऐसे सभी पक्षकारों से जिनके प्रकरण लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किये जा सकते हो, से अपील की गई है कि वे 14 मार्च 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में उपस्थित होकर इस अवसर का अवश्य लाभ उठायें। न्यायाधीश-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम विजय कुमार पाठक, ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में सभी प्रकार के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर किया जायेगा। इस नेशनल लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक ऋण की बकाया राशि, विद्युत के देयकों की बकाया राशि तथा नगरीय निकायों के जलकर, संपत्तिकर, दुकान किराया, आदि की बकाया राशि के प्रकरणों में अधिभार पर छूट भी संबंधित विभागों द्वारा प्रदान की जा रही जिसका संबंधित पक्षकार लाभ ले सकते है।

### नपा परिसर में नेशनल लोक अदालत आज

शहर के करदाताओं को जिनकी वर्ष 2024-25 की संपत्तिकर की राशि बकाया है आज आयोजित नेशनल लोक अदालत में बकाया वर्ष की संपत्तिकर, जलकर की राशि जमा करने नियमानुसार छूट प्रदान की जा रही है। साथ ही जिनकी वर्ष 2025-26 की संपत्तिकर की राशि जमा हेतु शेष वह 31 मार्च 2026 के पूर्व जमा करें अन्यथा उनकी सपत्तिकर की राशि दोगुनी हो जाएगी। इस स्थिति से बचने के लिए एवं शनिवार को नगरपालिका परिसर में आयोजित नेशनल लोक अदालत बकाया वर्ष की संपत्तिकर राशि जमा करने पर अधिभार माफ की सूचना निकाय के राजस्व कर्मचारियों द्वारा घर -घर जाकर दी जा रही है। साथ ही बकाया वर्ष 2025-26 की राशि जमा करने एवं अधिभार में छूट हेतु नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत नोटिस भी तामिल किए गए हैं।

# पिपरिया नगर के 6 छात्र राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सांदीपनि एवं आर एन ए उत्कृष्ठ विद्यालय के 6 छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। प्राचार्य संजिव दुबे के कुशल नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे इन खिलाड़ियों को लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश द्वारा जारी आधिकारिक सूची में शामिल किया गया है। चयनित छात्र-छात्राओं में 14 वर्ष बालिका मोहनी ठाकुर,17 वर्ष बालिका आकांक्षा नायर, राशिका पटेल,17 वर्ष बालक शिवकुमार अहिरवार,14 वर्ष बालक शिवा कुरेले,17 वर्ष बालिका अंकिता तिवारी शामिल है। चयनित छात्रों का प्रशिक्षण इंदौर में आयोजित कैंप में जारी रहेगा। राष्ट्रीय प्रतियोगिता भुवनेश्वर, उड़ीसा में 17 वर्ष वर्ग के लिए 6 और 7 अप्रैल तथा अन्य वर्ग के लिए 9 और 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी।



इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बीईओ एस एल रघुवंशी और बीआर सी प्रदीप शर्मा सहित सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं की।

# माखन नगर में प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण, बताया आयोजन उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मप्र जन अभियान परिषद माखन नगर के सेक्टर क्रमांक 02 के अंतर्गत एक्सीलेंस आर्यन सेवा समिति के तत्वाधान में प्रस्फ़ुटन समितियों का एकदिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण में आयोजित किया गया जिसमें नवांकुर संस्था एवं प्रस्फ़ुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सदस्य और नवांकुर सखी उपस्थित रही।कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रमुख संचालक मनीष चतुर्वेदी, सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार झा,सेक्टर प्रभारी हर्ष तिवारी, सुरेश यादव उपस्थित थे। सर्वप्रथम मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सभी का पुष्पों से स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक मनीष चतुर्वेदी द्वारा



प्रस्फ़ुटन समितियों का उद्देश्य, कार्य, सामाजिक क्षेत्र में गतिविधि, आदर्श ग्राम, समग्र ग्राम विकास, दस्तावेजीकरण, सोसायटी पंजीयन, वृक्षारोपण, नर्सरी निर्माण, बोर्ड, कार्यालय निर्माण, दीवार लेखन, जल गंगा संवर्धन अभियान ,संस्कार केंद्र, संबंधी जानकारी आए हुए सदस्यों को प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन हर्ष तिवारी एवं आभार सुरेश यादव द्वारा माना गया।

# हिट एंड रन का खुलासा, कार जब्त, चालक पर बना मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के बाजार क्षेत्र में 27 फरवरी को हुई हिट एंड रन दुर्घटना के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी चालक की पहचान कर एक्सयूव्ही कार को जब्त कर लिया है। दुर्घटना में करीब 60 वर्षीय अज्ञात महिला की मौत हो गई थी।

मामले में थाना कोतवाली नर्मदापुरम में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य और चश्मदीद गवाहों के बयानों के आधार पर दुर्घटना करने वाली एक्सयूव्ही कार का नंबर एमपी 07 सीडी 5995 पता चला।

पुलिस ने कार चालक लखन लाल डोरिया 40 वर्ष निवासी ग्राम देवगांव थाना बुधनी के खिलाफ धारा 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। 13 मार्च को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए एक्सयूव्ही कार को जब्त कर लिया।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में मृत महिला की पहचान अब तक नहीं हो पाई है और उनके परिजनों की तलाश की जा रही है। मामले की विवेचना अभी जारी है।

### भक्त माता कर्मा देवी जयंती कल

**नर्मदापुरम।** समस्त तेली साहू समाज नर्मदापुरम द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आराध्य भक्त माता कर्मा देवी जयंती का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि यह कार्यक्रम 15 मार्च को दोपहर 12 बजे शगुन मैरिज गार्डन, मालाखेड़ी, नर्मदापुरम में आयोजित किया जाएगा। किसान केशव साहू ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत समाज के वरिष्ठजनों द्वारा पत्रकार बंधुओं का विशेष सम्मान भी किया जाएगा तथा इसके पश्चात स्नेह भोज का आयोजन रखा गया है। समाज के पदाधिकारियों ने सभी पत्रकार बंधुओं से आग्रह किया है कि वे इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और समाज का उत्साहवर्धन करें। कार्यक्रम को लेकर साहू समाज के लोगों में उत्साह का वातावरण है और समाज के सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### मनोज जराठे सर्वसम्मति से कसेरा ताम्रकार समाज के अध्यक्ष निर्वाचित

**नर्मदापुरम।** मोरछली चौक स्थित श्री दुर्गा जी मंदिर एवं श्री बजरंग ब शंकर मंदिर ट्रस्ट, कसेरा समाज धर्मशाला में कसेरा ताम्रकार समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मनोज जराठे को समाज का अध्यक्ष चुना गया। विदित हो कि नर्मदापुरम में अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया के लिए भोपाल से विनय वर्मा को अधिकृत किया गया था। उनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें मनोज जराठे को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष मनोज जराठे को समाज के सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में डॉक्टर रमेशचंद पटेल,केके जराठे,सीताराम करैया,प्रकाशचंद पटेल,डॉ अतुल सेठा,योगेश सेठा,अरविंद चंद्रवंशी,किशोर करैया,दीपक जराठे,डॉ उमेश सेठा,नंदकिशोर कांसकार,प्रवीर नायक,संजय कांसकार,मृत्युंजय करैया,विष्णु महलवार,नितिन करैया,एड अमित वर्मा,अनमोल करैया,विपिन ताम्रकार,संजय जराठे,मनोज कांसकार आदि।



### सिवनी मालवा में गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर नगर कांग्रेस का ज्ञापन, समस्या समाधान की मांग

**सिवनी मालवा।** नगर कांग्रेस सिवनी मालवा ने रसोई गैस की बढ़ती किल्लत को लेकर सरकार के खिलाफ नाराज़गी जताते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार नितिन झोड़ को सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। नगर कांग्रेस का कहना है कि सिवनी मालवा तहसील सहित पूरे मध्य प्रदेश में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडरों की भारी कमी बनी हुई है, जिससे आम जनता को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि नागरिकों को उनकी मूलभूत आवश्यकताएं भी समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, तो यह प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाता है। नगर कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आम जनता के हित में आंदोलन किया जाएगा। स्वदेश शर्मा नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी,हैरिसन स्वामी अध्यक्ष युवक कांग्रेस,विकास पाठक,हरिओम रघुवंशी,दीपक गोस्वामी,प्रशांत रघुवंशी,हिमांशु मानिक, अनुराग लोवंशी हर्षित राठौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### लगातार दूसरे दिन भी गर्मी ने किया बेहाल, फिर शिखर पर रहा नर्मदापुरम का तापमान

# तपने लगा सूरज, अधिकतम पारा 40 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मार्च के पहले पखवाड़े में ही गर्मी ने हाल-बेहाल करना शुरू कर दिया है। गुरूवार की अपेक्षा शुक्रवार को भी सूरज के तीखे तेवर नजर आए। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40.1 डिसे रहा। जिसके कारण दोपहर को सूरज तपता महसूस हुआ। तेज धूप व गर्म हवा के थपेड़ों ने आमजनों का सड़कों पर चलना मुहाल कर दिया। लोग धूप से बचने छांव की शरण लेते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान समय में मौसम शुष्क बना हुआ है। मार्च माह के जलवायु परिवर्तन पर नजर डाले तो मार्च में सतही हवाएं सामान्यतः हल्की एवं परिवर्तनशील दिशा की होती हैं। कभी-कभी हवाएं शांत प्रतीत होती हैं, तो दोपहर बाद इनके तेज और झोंकेदार होने की संभावना रहती है। कुछ अवसरों पर वातावरण हल्का धूमिल भी दिखाई देता है। मार्च माह शीत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु के बीच का समय होता है। इस दौरान मौसम में प्रतिदिन परिवर्तन देखा जाता है और तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। सुबह और रात अपेक्षाकृत सुहावनी



रहती हैं, जबकि दोपहर में गर्मी का प्रभाव स्पष्ट महसूस होने लगता है। महीने के अंत तक अधिकतम तापमान लगभग 34.8 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुंच जाता है, जबकि औसत न्यूनतम तापमान लगभग 18 डिग्री सेल्सियस रहता है। दिन और रात के तापमान में काफी अंतर होने के कारण सुबह-शाम हल्की ठंडक और दोपहर में गर्मी का मिश्रित अनुभव होता है। 18 मार्च 2022 को अधिकतम 42.7 डिसे दर्ज हुआ था। लेकिन इस बार मार्च का जलवायु परिवर्तन कुछ अलग ही अंदाज बयां कर रहा है।

### जेठ जैसी तपिश की अहसास

मार्च के महीने में जिले में जेठ जैसी तपिश का अहसास हो रहा है। आसमान से बरसती आग और शुष्क हवाओं ने दिन में लू जैसी स्थिति पैदा कर दी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अधिकतम तापमान 40.1 डिसे दर्ज किया जिसके कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त है। वहीं शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 19.2 डिसे रहा। हिल स्टेशन पचमढ़ी में अधिकतम तापमान 31.8 और न्यूनतम तापमान 11.6 डिसे दर्ज किया गया।

# कांग्रेस ने प्रशासन से पूछा सवाल- कैसे दूर होगा पेयजल का संकट?

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में बाधित नर्मदा जल वितरण समस्या का पूरी तरह निराकरण नहीं हो पा रहा है। एवं पेयजल के लिए नागरिक परेशान हो रहे हैं। कांग्रेस ने भी उक्त समस्या को लेकर शुक्रवार को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा है।इधर नागरिकों ने बताया कि शहर के कुछ वार्डों में टैंकर के माध्यम से पेयजल का वितरण किया जा रहा है। नागरिक पिछले चार पांच दिनों से पेयजल प्राप्ति के लिए बहुत अधिक परेशान हो रहे हैं।

शहर के अधिकतर घरों में नप की पुरानी पाइपलाइन से पानी वितरण लगभग बंद किया जा चुका है। तथा अब नर्मदा जल वितरण होता है। लेकिन नर्मदा जल का वितरण कुछ दिनों से बाधित है तथा समस्या का स्थाई निराकरण नहीं हो रहा है। अतः नागरिकों की पीड़ा देख कांग्रेस ने शुक्रवार को ज्ञापन दिया है। जिसमें उल्लेख है कि सोहागपुर नप द्वारा जलापूर्ति के लिए नर्मदा जल योजना लाई गई थी। लेकिन यह योजना कुछ समय से




बंद है। जिससे भीषण गर्मी में समूचे नगर में पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। नगर परिषद की पुरानी पाइपलाइन से जो पानी आ रहा है, वह दूषित हो चुका है। जिससे कीड़े भी घरों तक पहुंच रहे हैं। इस स्थिति से क्षेत्र में गंभीर बीमारी फैल सकती है। अतः प्रशासन से अपेक्षा की गई है कि सभी समस्याओं का निराकरण करते हुए जल आपूर्ति शीघ्र शुरू की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेसी नेता तथा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

## कोल माइन सेवानिवृत्ति कर्मचारी संघ एचएमएस की बैठक आज

**बैतूल।** कोल माइन सेवानिवृत्ति कर्मचारी संघ (एचएमएस) की मासिक बैठक आज 14 मार्च को शहीद भवन में सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में उन कोल पेंशनरों के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी जिन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपए से कम पेंशन मिल रही है। इस संबंध में नई दिल्ली से प्राप्त पत्र पर भी विस्तार से विचार किया जाएगा। बताया गया कि अन्य कंपनियों में पेंशनरों को न्यूनतम एक हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन दी जा चुकी है। बैठक में ऑल इंडिया कोल पेंशनर्स एसोसिएशन के आह्वान पर 30 मार्च को जंतर-मंतर नई दिल्ली में होने वाले एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन को लेकर भी प्रमुख रूप से चर्चा की जाएगी। इस दौरान कोल पेंशनरों की पेंशन बढ़ाने और पेंशन रिवीजन की मांग को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। संघ के अध्यक्ष डीके साहू, महामंत्री डीआर झरबडे, उपाध्यक्ष अजय सिंह राजपूत, दिनेश कुमार शर्मा, दामोदर प्रसाद मिश्रा, माणिकराव कापसे, रायमल वरवड़े, अशोक सेलकरी सहित समस्त कोल पेंशनरों ने अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने की अपील की गई है।

## बीजासनी मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारियां

**बैतूल।** बैतूल गंज स्थित बीजासनी माता मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र महोत्सव अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि 19 मार्च गुरुवार दोपहर 12 बजे विधिविधान के साथ माता के घट स्थापित किए जायेंगे तथा मंत्रोच्चार के साथ अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की जाएगी, 26 मार्च गुरुवार दोपहर 12 बजे से दुर्गा सप्तशती का हवन प्रारंभ होगा। 27 मार्च शुक्रवार को दोपहर 12 बजे आरती एवं कन्यापूजन उपरांत विशाल भंडारा प्रारंभ होगा तथा 28 मार्च शनिवार को ताप्ती जी में घट विसर्जित किए जाएंगे। प्रतिदिन शाम 7.30 पर महाआरती होगी एवं महाप्रसाद का वितरण होगा।

### बिजली की बढ़ती कीमतों के कारण लोग घरों की छत पर लगा रहे सोलर पैनल

# शहर में 897 छत पर लगे सोलर पैनल, बन रही है बिजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बिजली की बढ़ती कीमतों के कारण लोग घरों की छतों पर सोलर पैनल लगा रहे हैं, जिसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है। दूसरा कारण यह भी है कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू की गई है। जिससे भी लोगों का सोलर पैनल को लेकर रुझान बढ़ा है।

यदि शहर की बात करते तो शहर में सोलर पैनल की मदद से हर माह करीब दो लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। सोलर पैनल के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने सरकार 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी दे रही है। इससे योजना में लोगों की रुचि तेजी से बढ़ रही है। एक किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल एक दिन में लगभग 4 से 5 यूनिट बिजली उत्पन्न कर सकता है, यानी माह में 120 से 150 यूनिट बिजली उत्पादन होती है। अगर किसी घर की औसत खपत 200 यूनिट प्रति माह है, तो 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाने से पूरा बिजली बिल जीरो हो सकता है। घर में सोलर पैनल लगाने के लिए उपभोक्ता योजना के पोर्टल, बिजली कंपनी के ऐप, वेबसाइट या क्यूआर कोड स्कैन कर आवेदन कर सकते हैं। सरकार इस योजना के तहत 1 से 3 किलोवाट तक के संयंत्र पर 30 हजार से 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर कर रही है।

### 828 घरों पर लगे सोलर पैनल

शहर में पांच साल पहले बहुत कम सोलर पैनल लगे थे। लेकिन अब इनकी संख्या बढक़र 828 तक पहुंच गई है। केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के आने के बाद शहर में घरों की छतों पर सोलर पैनल लगे हैं। इनमें 3 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनलों की संख्या ज्यादा है। घरों में लगे सोलर पैनलों से प्रतिमाह 2 लाख यूनिट से अधिक का बिजली उत्पादन किया जा रहा है। लगातार इसकी संख्या बढ़ती जा रही है। विद्युत कंपनी के मुताबिक आमतौर पर उपभोक्ता 3 किलोवाट क्षमता का सोलर संयंत्र स्थापित कर रहे हैं, जिससे वे न सिर्फ अपने घर की जरूरत पूरी कर रहे हैं, बल्कि अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर मुनाफा भी कमा रहे हैं।

### कंपनी के पास कई आवेदन पेंडिंग

जिले में अब तक 828 उपभोक्ताओं ने सोलर पैनल लगवाए हैं, और घर बैठे बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। बताया गया कि विद्युत वितरण कंपनी के पास योजना के तहत सोलर पैनल लगाने आवेदन अभी पेंडिंग हैं। सोलर पैनल लगाने विद्युत वितरण कंपनी में विधिवत आवेदन करना पड़ता है। जिसके बाद विद्युत कंपनी द्वारा उपभोक्ता को नेट मीटर उपलब्ध कराया जाता है। इसमें सोलर पैनल से कितनी बिजली का उत्पादन हुआ और कितनी बिजली जलाई गई और कितनी बिजली शेष बची है। इसकी गणना रीडिंग में दर्ज होती है। जिसके बाद ही विद्युत कंपनी द्वारा बिजली बिल की गणना की जाती है। यदि उपभोक्ता कम बिजली जलाता है और अधिक बिजली का उत्पादन होता है तो बिलिंग में उपभोक्ता को फायदा पहुंचता है।

### सरकारी विभागों में लग रहे सोलर पैनल

बिजली बिल में कमी करने के लिए अब सरकारी विभाग भी सोलर पैनल लगवा रहे हैं। ज्यादातर विभागों ने सोलर पैनल लगवा लिए हैं। इनमें कलेक्ट्रेट बिल्डिंग, जिला अस्पताल, जेएच कॉलेज, रेलवे स्टेशन सहित अन्य सरकारी भवन शामिल बताए जाते हैं। सोलर पैनल लगाए जाने के बाद इन विभागों में बिजली बिलों की कमी आई है। वहीं आम लोग भी बिजली बिल बचाने के लिए सोलर पैनल लगा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर सरकार भी लोगों को बिजली उत्पादन के लिए सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी जैसी सुविधा मुहैया करा रही है।

### प्रतिमाह ढाई लाख से अधिक उत्पादन

शहर में घरेलू और गैर घरेलू मिलाकर कुल 897 घरों पर सोलर पैनल लगे है। जिसमें से घरेलू 828 और गैर घरेलू 69 सोलर पैनल लगाये गये है। बताया जा रहा है कि घरेलू सोलर पैनल की मदद से प्रतिमाह 2,13,250 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। वहीं 69 गैर घरेलू सोलर पैनल 36665 यूनिट बिजली उत्पादन करते है। यह बिजली उपयोग करने के बाद बची हुई बिजली अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजकर मुनाफा भी कमा रहे हैं। बिजली विभाग के मुताबिक आमतौर पर उपभोक्ता 3 किलोवाट क्षमता का सोलर संयंत्र स्थापित करने में ज्यादा रुचि दिखाते है। इसमें वह अपने स्वयं के लिए बिजली उपयोग करने के बाद बची हुई बिजली ग्रिड को भेजते है।

### टेंडर निकालेंगे

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना लागू होने के बाद से बड़ी संख्या में लोगों द्वारा सोलर पैनल लगाने हेतु आवेदन किए हैं। अभी तक करीब 828 घरेलू और 69 गैर घरेलू (कमर्शियल) छतों पर सोलर पैनल लगेहैं। सब्सिडी की वजह से भी लोग योजना के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। सरकारी कार्यालयों में शासन के निर्देशानुसार ऊर्जा विकास निगम द्वारा टेंडर निकालकर प्राइवेट एजेंसी के माध्यम से सोलर पैनल लगाए जाने हैं, जिसमें जल्दी ही बैतूल जिले के लिए भी टेंडर निकाले जाएंगे।

- बीएस बघेल, महाप्रबंधक, विद्युत वितरण कंपनी, बैतूल

## पुलिस ने बुजुर्ग के 17 हजार रुपए वापस दिलाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



पुलिस ने एक बुजुर्ग व्यक्ति के गिरे हुए 17,000 रुपये वापस दिलाकर सराहनीय कार्य किया गया। दरअसल 11 मार्च को शाम करीब 6 बजे ओझा उईके उम्र 55 वर्ष, निवासी चारसी थाना बैतूल बाजार द्वारा सूचना दी गई कि वह पिछले 3 माह से महाराष्ट्र में मजदूरी कर वापस आया था, जहां उसे मजदूरी के रूप में 17,000 रुपये प्राप्त हुए थे। उक्त राशि बडोरा चौक आठनेर रोड के पास कहीं जेब से गिर गई। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी बैतूल बाजार निरीक्षक अंजना धुर्वे द्वारा तत्काल पुलिस बल मौके पर भेजकर आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखने निर्देश दिए गए। सीसीटीवी फुटेज जांच के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा रुपये उठाते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा उस व्यक्ति की पहचान के लिए उसके आने-जाने के पूरे रूट का पता लगाकर लगभग 13 स्थानों के सीसीटीवी कैमरों की जांच करवाई गई। पुलिस के लगातार प्रयासों के बाद अज्ञात व्यक्ति की पहचान कर उसे थाना बैतूल बाजार बुलवाया गया , जिसने काफी मशक्कत के बाद रुपये उठाने की बात आखिरकार स्वीकार की। उक्त व्यक्ति से बुजुर्ग व्यक्ति के जेब से गिरे हुए 17,000 रुपये बुजुर्ग के परिजनों की उपस्थिति में वापस दिलवाए गए। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बैतूलबाजार निरीक्षक अंजना धुर्वे, आरक्षक अनिरुद्ध यादव, आरक्षक नितिन चौहान आदि का रहा योगदान।

## आयुष विंग में निःशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर का शुभारंभ



**बैतूल।** जिला चिकित्सालय स्थित आयुष विंग में जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के निर्देशानुसार निःशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का विधिवत शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी जगन्नाथ डेहरिया द्वारा भगवान धनवंतरि के पूजन-अर्चन के साथ किया गया। शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए आयुष विंग प्रभारी डॉ. प्रियंका उईके ने बताया कि पंचकर्म आयुर्वेद की एक महत्वपूर्ण शोधन चिकित्सा है। इसमें मुख्य रूप से पांच प्रक्रियाएं— वमन, विरेचन, बस्ती, नस्य और रक्तमोक्षण शामिल हैं। इन विधियों द्वारा शरीर के भीतर जमा हानिकारक टॉक्सिक मटेरियल (विषैले तत्व) को बाहर निकाला जाता है। इसके बाद जब शमन औषधियों का प्रयोग किया जाता है, तो रोग के दोबारा होने की संभावना न के बराबर रह जाती है। शिविर में उपस्थित डॉ. सरिता डेहरिया ने जानकारी दी कि पंचकर्म चिकित्सा पद्धति जोड़ों के दर्द, संधिवात , आमवात, दमा, श्वास संबंधी समस्याओं और चर्म रोगों के उपचार में अत्यंत कारगर सिद्ध होती है। इस चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में आयुष विभाग की पूरी टीम जुटी हुई है। शिविर में डॉ. शिवदयाल कुमरे, डॉ. वंदना शाक्य, डॉ. जितेंद्र वर्मा, डॉ. वेद प्रकाश डेहरिया और डॉ. पूनम नागले अपनी सेवाएं दे रहे हैं। साथ ही संतोष कोसे, वंदना पंडाग्रे, संगीता धुर्वे, कमल भोले, सुखलाल सागरे और अभिषेक कोसे का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## उत्पादों के विकास मूल्य संवर्धन और निर्यात को बढ़ावा देने ओडीओपी कार्यशाला



**बैतूल।** जिले के वन आधारित उत्पादों के विकास, मूल्य संवर्धन तथा निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज बैतूल में ओडीओपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के कारीगरों, उद्यमियों तथा उद्योग प्रतिनिधियों को उत्पाद विकास, डिजाइन, डिजिटल विपणन एवं ई-कॉमर्स के माध्यम से निर्यात के अवसरों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंडलाधिकारी उत्तर बैतूल नवीन गर्ग ने कहा कि बैतूल जिला उच्च गुणवत्ता वाले सागौन के लिए देशभर में प्रसिद्ध है, विशेष रूप से बैतूल तेलिया सागौन अपनी मजबूती, टिकाऊपन एवं उत्कृष्ट गुणवत्ता के कारण फर्नीचर एवं लकड़ी आधारित उत्पादों के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है। उन्होंने बताया कि यदि स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन एवं आधुनिक डिजाइन को बढ़ावा दिया जाए तो बैतूल के सागौन उत्पादों की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वन विभाग द्वारा सतत वन प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण सागौन संसाधनों के संरक्षण तथा स्थानीय समुदायों को वन आधारित आजीविका से जोडऩे के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे जिले में वन आधारित उद्योगों और उद्यमिता को बढ़ावा मिल सके। कार्यशाला के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। एमपीआईडीसी की ओर से निर्यात के अवसरों एवं बाजार खोज पर प्रस्तुति दी गई।

स्कूल का प्लानिंग एंड एग्रीकल्चर के विशेषज्ञों ने उत्पाद डिजाइन एवं नवाचार पर मार्गदर्शन दिया। श्रीमती मीता वाधवा द्वारा डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से उत्पादों के प्रचार-प्रसार की संभावनाओं पर चर्चा की गई। श्री राहुल श्रीवास्तव ने सस्टेनेबल उत्पादों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान पराग व्यास ऑनलाइन माध्यम से जुड़े और उन्होंने सागौन काष्ठ कार्य में उपयोग होने वाले औजारों, लकड़ी के अवशेषों से सतत उत्पाद बनाने की तकनीकों तथा उद्योग में अपनी सफलता के अनुभव साझा किए। इसके अतिरिक्त वालमार्ट के प्रतिनिधियों द्वारा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में उत्पादों को उपलब्ध कराने तथा उद्यमियों के ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों के साथ खुली चर्चा आयोजित की गई, जिसमें कारीगरों एवं उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए और निर्यात से संबंधित विभिन्न प्रश्नों पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### सुरभि के निधन पर दी श्रद्धांजलि

## हेमंत खंडेलवाल के आवास पर पहुंचे प्रदेश मंत्री एवं पूर्व मंत्री



**बैतूल।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और विधायक हेमंत खंडेलवाल की पुत्री सुरभि खंडेलवाल के निधन के बाद नेताओं के बैतूल पहुंचने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को प्रदेश सरकार के सहकारिता एवं खेल युवा कल्याण विभाग मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, खाद्य मंत्री श्री राजपूत, पूर्व मंत्री श्रीमती चिटनिस, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ल, पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमन्त खंडेलवाल के निवास पहुंचकर दिवंगत सुश्री सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने स्व. सुश्री सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा विधायक श्री खंडेलवाल एवं उनके परिजनों से भेंट कर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति दें। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। बताया जा रहा है कि 34 वर्षीय सुरभि खंडेलवाल का हाल ही में हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। उनके निधन से खंडेलवाल परिवार के साथ-साथ राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी शोक का माहौल है। परिवार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 13 से 17 मार्च तक बैतूल स्थित खंडेलवाल निवास पर शोक बैठक रखी गई है।

### लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित व संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराएंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने उद्यानिकी, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, मछुआ कल्याण, जल संसाधन तथा श्रम विभाग को लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष फोकस करने की सख्त हिदायत दी। श्रमिकों के भुगतान से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जनपद पंचायत आमला, बैतूल, भैंसदेही, भीमपुर, चिचोली एवं मुलताई के अधिकारियों को प्राथमिकता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने वन विभाग से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिए सभी एसडीओ फॉरेस्ट को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही राजस्व विभाग की शिकायतों के समाधान के लिए सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन आदि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के निराकरण के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त सहकारिता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग को भी लंबित प्रकरणों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने पीएम श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीयन कार्य में गति लाने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

## एमपी ट्रांसको ने स्थापित किया 50 एमव्हीए क्षमता का ट्रांसफार्मर



**बैतूल/ मुलताई।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने बैतूल जिले की बिजली व्यवस्था की सुदृढ़ता के लिए 132 के.व्ही. सब स्टेशन बिसनूर मुलताई में एक 50 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उजीकृत कर दिया है। इससे बैतूल जिले की पारेषण प्रणाली को विश्वसनीयता मिलने के साथ मुलताई क्षेत्र के हजारों विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उचित वोल्टेज पर प्राप्त हो सकेंगी। साथ ही सबस्टेशन में दूसरा ट्रांसफार्मर लगने से सिस्टम को फ्लेजीबिल्टी मिल सकी है। एमपी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश शाँडिल्य ने बताया कि बिसनूर में इस पावर ट्रांसफार्मर उर्जीकृत होने से सब स्टेशन से जुड़े स्थानीय बिसनूर के अलावा गेहूं बारसा, पोंनी, टेमुरनी, डब्ल्यूआरडी फीडर से जुड़े हजारों कृषि विद्युत उपभोक्ताओं के साथ घरेलू उपभोक्ताओं को फायदा मिलेगा। श्री शांडिल्य ने जानकारी दी कि बिसनूर में 50 एमव्हीए ट्रांसफार्मर लगने से सब स्टेशन की क्षमता बढक़र 100 एमव्हीए हो गई है। एमपी ट्रांसको बैतूल जिले में 220 केव्ही के आई 3 सब स्टेशन बैतूल, गुडग़ांव, सारणी एवं 132 केव्ही के 6 सब स्टेशन बैतूल, आमला, चिचोली, मुलताई, गुडग़ांव व बिसनूर के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है।

### महंगाई, गैस संकट और ट्रेंचिंग ग्राउंड घोटाले के विरोध में सड़क पर उतरे कांग्रेसी

# गैस संकट और महंगाई पर बैतूल में कांग्रेस ने किया बड़ा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




देश में बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडरों की किल्लत और स्थानीय स्तर पर ट्रेंचिंग ग्राउंड घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर बैतूल में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल के नेतृत्व में 13 मार्च को जिला उद्योग केंद्र के सामने धरना देकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। सुबह 11 बजे जिला उद्योग केंद्र के सामने आयोजित इस धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा, प्रदेश सचिव समीर खान और नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष राजकुमार दीवान ने किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और महिलाएं भी इस प्रदर्शन में शामिल हुईं। धरने के बाद कांग्रेस नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई और गैस सिलेंडरों की किल्लत को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने खाली गैस सिलेंडर और भट्टी पर चाय की गंजी रखकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की गई कि रसोई गैस के दाम बढऩे और सिलेंडरों की कमी के कारण आम लोगों की रसोई पर संकट खड़ा हो गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा ने कहा कि जिस गैस सिलेंडर को सरकार ने कभी उज्ज्वला योजना के नाम पर गरीबों तक पहुंचाने का दावा किया था, आज वही सिलेंडर आम लोगों की पहुंच से दूर होता जा रहा है। श्री डागा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत विदेश नीतियों के कारण देश में ईंधन संकट गहरा गया है। उन्होंने कहा कि ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और वैश्विक संकट के दौर में भारत सरकार की रणनीति पूरी तरह विफल साबित हो रही है। इसका सीधा असर देश में एलपीजी गैस की उपलब्धता और कीमतों पर दिखाई दे रहा है। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि सरकार को पहले से स्थिति का आकलन कर कदम उठाने चाहिए थे, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

### लोग कतारों में, सरकार बयानबाजी में

धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आज देश के कई हिस्सों में लोग गैस सिलेंडर के लिए कतारों में खड़े होने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार इस संकट को स्वीकार करने के बजाय केवल बयानबाजी कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि आम जनता महंगाई से जूझ रही है और सरकार इस मुद्दे पर ठोस समाधान देने में विफल साबित हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने इस प्रदर्शन के माध्यम से बैतूल के ट्रेंचिंग ग्राउंड से जुड़े कथित घोटाले की निष्पक्ष जांच की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि स्थानीय स्तर पर कई जनसमस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार इन मुद्दों को गंभीरता से नहीं ले रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष निलय डागा, प्रदेश कांग्रेस सचिव समीर खान, नेता प्रति पक्ष नगर पालिका बैतूल राजकुमार दीवान संगठन, महासचिव ब्रज भूषण पांडे, लोकेश पगारिया प्रशांत मरोठी सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### कृषि विभाग ने किया बीआरसी केंद्र का शुभारंभ

**सीहोर।** कृषि विभाग द्वारा इछावर तहसील के ग्राम गाजीखेड़ा में जैविक संसाधन केंद्र (बीआरसी) का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने किसानों को जैविक खेती के महत्व के बारे में जानकारी दी और बताया कि इस बीआरसी केंद्र के माध्यम से किसानों को जैविक उत्पाद बाजार की तुलना में कम लागत पर उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे खेती की लागत कम करने में सहायता मिलेगी। बीआरसी केंद्र के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस जैविक संसाधन केंद्र की उत्पादन क्षमता 45 दिनों में लगभग 300 लीटर जैविक घोल तैयार करने की है। इस केंद्र में कुल 10 प्रकार के जैविक उत्पाद तैयार किए जाते हैं। इसके केंद्र में किसानों के लिए विभिन्न प्रकार के जैविक उत्पाद तैयार किए जाते हैं, जिनमें EM-2 घोल, देसी कल्प अर्क, दशपर्णी अर्क, फल अर्क, सप्तधन्य अर्क, ह्यूमिक एसिड अर्क, अमिल अर्क, जैविक माइक्रोऑर्गेनिज्म स्लरी, फुल्विक एसिड घोल एवं वायमिल अर्क शामिल हैं। ये सभी उत्पाद प्राकृतिक एवं जैविक विधियों से तैयार किए जाते हैं।

### एमपी टास्क पोर्टल पर 15 से बंद हो जाएंगे आवेदन

**सीहोर।** शासन द्वारा अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए MPTAASC पोर्टल को 15 मार्च 2026 से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं, इसलिए वे सभी पात्र विद्यार्थी जो अभी तक आवेदन नहीं कर पाएं है वे 15 मार्च से पहले अपना आवेदन जमा कर दें।

### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिश्मेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

### नई मंडी का निर्माण ठप, मारपीट के बाद ठेकेदार ने रोका काम, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# अव्यवस्था का आलमः 37 डिग्री तापमान में सड़क पर खड़े किसान, शेड में व्यापारियों का अतिक्रमण

मंडी परिसर में जगह नहीं मिलने से गेहूं और चने की ट्रॉलियों को मोती बिहार कॉलोनी के पास खड़ा कराया जा रहा है। इससे किसानों को भारी असुविधा हो रही है और यातायात भी प्रभावित हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





कृषि ऊपज मंडी में गुरुवार को अव्यवस्थाओं की तस्वीर खुलकर सामने आई। 37 डिग्री तापमान की तपती धूप में किसान अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और वाहनों के साथ सड़कों पर लंबी कतारों में खड़े होकर घंटों तक बारी का इंतजार करते नजर आए, जबकि मंडी के शेडों में व्यापारियों की ऊपज रखी होने के कारण किसानों को खुले आसमान के नीचे खड़ा रहना पड़ा। मंडी परिसर और आसपास की सड़कों पर अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों के कारण दिनभर जाम जैसी स्थिति बनी रही, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई।

किसानों का कहना है कि मंडी में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से उन्हें घंटों तक धूप में खड़ा रहना पड़ रहा है। मंडी परिसर में जगह नहीं मिलने के कारण गेहूं और चने से भरी ट्रॉलियों को मोती बिहार कॉलोनी के पास खड़ा कराया जा रहा है। इससे किसानों को भारी असुविधा हो रही है और आसपास के क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित हो रहा है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि मंडी के शेडों पर व्यापारियों की ऊपज का कब्जा होने के कारण किसानों को अपनी उपज सड़क पर ही रखनी पड़ रही है।

### नई मंडी में नीलामी का वादा, लेकिन व्यवस्था जस की तस

मंडी प्रशासन ने पहले घोषणा की थी कि गेहूं और चने की नीलामी प्रक्रिया नई कृषि ऊपज मंडी राला (पारदीपूरा) में शुरू की जाएगी, ताकि किसानों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस मांग को लेकर किसान स्वराज संगठन के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन भी हुआ था। उस समय अधिकारियों ने जल्द नई मंडी में नीलामी शुरू कराने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद अभी तक नीलामी प्रक्रिया पुरानी कृषि ऊपज मंडी में ही जारी है। परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं और उन्हें घंटों तक कतार में खड़ा रहना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि यदि नई मंडी में नीलामी शुरू कर दी जाए तो भीड़ और अव्यवस्था दोनों कम हो सकती हैं।

### दो साल बाद भी अधूरी नई मंडी

राला के पारदीपूरा में बन रही नई कृषि ऊपज मंडी का निर्माण कार्य भी बेहद धीमी गति से चल रहा है। करीब दो साल पहले शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट अब तक अधूरा पड़ा है। जानकारी के अनुसार अब तक केवल तीन शेड ही तैयार हो पाए हैं। किसानों के लिए सुलभ शौचालय और ठहरने के लिए भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं का निर्माण भी अभी तक नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी काम अधूरा पड़ा है, जिससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### रंगपंचमी पर मारपीट से ठप हुआ काम

नई मंडी के निर्माण स्थल पर हाल ही में हुई मारपीट की घटना ने पूरे मामले को और उलझा दिया है। जानकारी के अनुसार 8 मार्च को रंगपंचमी के दिन शाम करीब 7 बजे निर्माण स्थल पर ठेकेदार के इंजीनियर सागर और अन्य कर्मचारी केबिन में बैठकर आगे की कार्ययोजना पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान टीन शेड पर पत्थर फेंके जाने की आवाज आई। बताया जा रहा है कि इसके बाद बड़ी संख्या में ारदी समुदाय के लोग और महिलाएं वहां पहुंच गईं और निर्माण कार्य बंद करने की मांग करने लगीं। आरोप है कि इसी दौरान इंजीनियर और कर्मचारियों के साथ लोहे की रॉड और डंडों से मारपीट की गई। इंजीनियर सागर के अनुसार उन्हें बंधक बनाकर पीटा गया, जिससे उनके सिर में तीन से चार टांके आए और शरीर पर कई चोटों के निशान पड़े। अन्य कर्मचारियों को भी चोटें आईं, जिनमें एक कर्मचारी का पैर फ्रैक्चर होने की बात सामने आई है।

### कार्रवाई का इंतजार

मारपीट की घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने की बात सामने आ रही है। इससे किसानों और संबंधित लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। मंडी सचिव रामदास गोलाई का कहना है कि गेहूं और चने की ज्यादा आवक से जाम की स्थिति बनी। व्यापारियों की शेड में रखी ऊपज हटवाई जाएगी और नीलामी अब मोती बिहार कॉलोनी प्रांगण में कराई जाएगी। नई मंडी का निर्माण फिलहाल बंद है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के बाद काम जल्द शुरू कराकर अप्रैल अंत तक पूरा करने की कोशिश की जाएगी।

### सुरक्षा नहीं तो काम नहीं

घटना के बाद ठेकेदार ने निर्माण कार्य रोक दिया है। ठेकेदार और कर्मचारियों का कहना है कि जब तक निर्माण स्थल पर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस चौकी की स्थापना नहीं की जाएगी, तब तक निर्माण कार्य दोबारा शुरू नहीं किया जाएगा। घटना के बाद मजदूर भी काम पर आने से कतराने लगे हैं।

## कोलार डैम के डूब क्षेत्र की करीब 15 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर आरोपी ने अतिक्रमण कर बना लिया था खेत

### वन अमले ने कार्रवाई कर वन भूमि से हटाया अतिक्रमण

**इछावर।** वन परिक्षेत्र के तहत आने वाली बीट बावड़ियां चोर में पिछले दिनों अज्ञात आरोपी द्वारा करीब 15 हैक्टेयर से अधिक वन भूमि पर अवैध कब्जा कर खेत बनाने का प्रयास किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही गुरूवार को वन अमले ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटा दिया। साथ ही उक्त भूमि में ट्रेक्टर मशीन चलाकर उसे समतल कर दिया गया।जानकारी के अनुसार कोलार डेम से लगी बीट बावड़ियां चोर के कक्ष क्रमांक 311 में पिछले दिनों अज्ञात आरोपी द्वारा करीब करीब 15 हैक्टेयर से अधिक भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया था । इसको लेकर ग्रामीणों ने बावड़ियां चोर वन चौकी के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया था। लेकिन उस समय पर्याप्त बल मौजूद नहीं होने के कारण अतिक्रमण नहीं हटाया जा सका था। गुरुवार को वन विभाग का अमला भारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचा और कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटा दिया।



इस संबंध में डिप्टी रेंजर दीपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि डेम के डूब क्षेत्र में आने वाली करीब 15 हैक्टेयर भूमि जो पानी कम होने के कारण खाली हो गई थी , उस पर किसी अज्ञात आरोपी द्वारा पिलाऊं चलाकर खेत बनाने की कोशिश की गई थी। इसकी सूचना प्राप्त होते ही वन अमले ने मौके पर पहुंचकर भूमि से अवैध कब्जा हटाते हुए उस समतल कर दिया है।

## घर पहुंचे विधायक राय मृतकों और घायलों के परिजनों ने दी आर्थिक मदद

### दुख की घड़ी में हम लूनिया मोहल्ले के परिवार के साथ खड़े हैंः विधायक सुदेश राय

**सीहोर।** संवेदनशील विधायक सुदेश राय गुरुवार को अचानक लुनिया मोहल्ला स्थित दुर्घटना में हुई बच्चों की मृत्यु और घायल परिजनों की स्थिति से दुखी शोक पीड़ित चौहान परिवार में पहुंच गए।

विधायक सुदेश राय ने घटना को लेकर गहरा दुख प्रकट करते हुए 16 वर्षीय मृतक अमित चौहान और 12 वर्षीय मृतक विवेक चौहान के चित्र के समक्ष उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सुदेश राय ने शोक में डूबे विवेक और अमित के परिजनों को 25 हजार 25 हजार और घायल हुए धीरज चौहान एवं विक्रम चौहान को दस दस हजार रुपए की आर्थिक मदद दी और परिजनों से चर्चा कर शासकीय योजना अंतर्गत आर्थिक मदद उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। परिजनों के मध्य विधायक सुदेश राय ने कहा कि पुलिस ने सख्त धाराएं लगाकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बोलोरो गाड़ी को भी जप्त किया है आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे और हमेशा परिवार की मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे। उल्लेखनीय की थाना कोतवाली क्षेत्र के मोती बाबा मंदिर के पास 7 मार्च की रात 11 बजे के दरमियान सड़क दुर्घटना घटित हुई थी दुर्घटना में मोटर साइकिल सवार चार युवकों को बुलेरो पिकअप के चालक सुनील पिता रंजीत सिह ठाकुर, निवासी हनुमान फाटक



कस्बा सीहोर द्वारा टक्कर मार दी गई थी जिससे लूनिया मोहल्ला निवासी अमित चौहान, पिता मुकेश चौहान, उम्र 16 साल -विवेक चौहान, पिता सतीश चौहान, उम्र 12 साल, धीरज चौहान, पिता मुकेश चौहान, उम्र 18 साल, विक्रम चौहान, पिता नरेन्द्र चौहान, उम्र 18 साल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिला अस्पताल सीहोर के चिकित्सकों द्वारा घायल अमित चौहान को परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया था वहीं घायल विवेक की हालत गंभीर होने के कारण उपचार के लिए भोपाल हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया था उपचार के दौरान विवेक चौहान की भी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने बोलरो चालक को जेल भेज दिया है और वहां को जप्त किया है।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तरीय शिविर आयोजित

### नागरिकों को योजनाओं की जानकारी, पीएम आवास के हितग्राहियों को दिए बधाई पत्र

**भैरूंदा।** शासन के संकल्प से समाधान अभियान के तहत नगर परिषद भैरूंदा में क्लस्टर स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित इस शिविर में नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।



शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (द्वितीय चरण) के हितग्राहियों को बधाई पत्र वितरित किए गए तथा अन्य योजनाओं के संबंध में भी नागरिकों को जानकारी दी गई। शिविर में अधिकारियों ने लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, अनुसूचित जाति प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कैलाश धावरे, पार्षद मेहरबान, सिंह ,नितेश पेठारी, मोहम्मद अशफाक मंसूरी और गौरव शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में सीएमओ आर.पी. भावरे, इंजीनियर केवलराम कुशवाहा, सभी वार्ड प्रभारी एवं नगर परिषद के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## हर दहलीज पर आफत, एलपीजी फार्मूला फेल, सिलेंडर के आगे सब सरेंडर

### कांग्रेसियों ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एलपीजी संकट के दौरान व्यावसायिक सिलेंडर पर पूरी तरह रोक के बाद नर्मदापुरम जिले में हालात बिगड़ने लगे हैं। हालात यह है कि गैस संकट से औद्योगिक व पर्यटन क्षेत्र पर भी जबरदस्त विपरीत प्रभाव आया हैं। व्यावसायिक गैस पर पूरी तरह रोक के बाद से शादियों के सीजन में गैस का संकट होने लगा है। हालांकि एंजेसी संचालकों की माने तो घरेलू सिलेंडर तो उपलब्ध है लेकिन अफवाहों के कारण लोग पैनिक हो रहे है। जिनकी बुकिंग को एक या दो दिन बीते है वह भी बार-बार गैस एंजेसी के चक्क्र काट रहे है। इसके अलावा गैस बुकिंग सर्वर बड़ी बाधा बन रहा है। शुक्रवार को कांग्रेसियों ने गैस की दिक्कत के कारण एसडीएम जय सिंह सोलंकी और सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था दुरूस्त करने की बात कही। कांग्रेसियों का कहना था कि कई विद्यार्थी कमरा लेकर पढ़ाई कर रहे है जो होटल या टिफिन सेंटर से खाना बुलाते है उन पर होटल बंद होने के कारण खाने का संकट हो जाएगा।

शासन द्वारा जारी एलपीजी दिशा-निर्देशों के कड़ाई से पालन और एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार अनुभाग स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) जय सोलंकी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट, जिला आपूर्ति अधिकारी और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सहित शहर की सभी गैस एजेंसियों के संचालक, प्रमुख होटल एवं रेस्टोरेंट मालिक तथा मैरिज हॉल संचालक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एसडीएम जय सोलंकी ने शासन के निर्देशों को स्पष्ट करते हुए गैस एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सख्त हिदायत दी। घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंधः एसडीएम ने स्पष्ट किया कि कमर्शियल गैस की आपूर्ति बाधित होने के बहाने यदि कोई भी होटल, रेस्टोरेंट या ढाबा संचालक 'घरेलू (लाल) गैस सिलेंडर' का उपयोग करते हुए पाया गया, तो संबंधित के विरुद्ध तत्काल दंडात्मक कार्यवाही (एफआईआर) की जाएगी।

### निर्देशों की अवहेलना करने पर होगी सख्त कार्रवाई

गैस एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि यदि उनके किसी हॉकर या वितरक की मिलीभगत से घरेलू सिलेंडरों का कमर्शियल डायवर्जन (कालाबाजारी) होते हुए पाया गया, तो संबंधित गैस एजेंसी का लाइसेंस तत्काल निरस्त करने का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा जाएगा। बैठक के दौरान व्यवसायियों और गैस एजेंसियों ने प्रशासन के समक्ष कुछ व्यावहारिक चुनौतियां भी रखीं, जिनमें कानून व्यवस्था की स्थिति और होटलों में बिजली के उपयोग जैसी समस्याएं रखी। एसडीएम जय सोलंकी ने सभी को आश्वस्त किया कि समस्त समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा। वहीं एसडीएम जय सोलंकी ने शहर की आम जनता से विशेष अपील करते हुए कहा है कि गैस सप्लाई को लेकर बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को उनके गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। वर्तमान में बुकिंग और डिलीवरी में जो थोड़ी बहुत दिक्कतें आई थी, वह मुख्य रूप से बुकिंग पोर्टल और सर्वर डाउन होने के कारण थी। तकनीकी समस्या का समाधान कर वितरण व्यवस्था सुचारू की जाएगी। नागरिकों से अनुरोध है कि वे शांति बनाए रखें।

### बेटी के विवाह में सेवा भारती व शुभम स्कूल परिवार ने सहयोग दिया

# घरेलू सामग्री भेंट कर निभाई सामाजिक जिम्मेदारी बेटी को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सेवा भावना का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सेवा भारती भैरूंदा परिवार एवं शुभम स्कूल परिवार द्वारा नगर की एक जरूरतमंद बेटी के विवाह के शुभ अवसर पर दहेज स्वरूप आवश्यक घरेलू सामग्री भेंट कर सराहनीय पहल की गई। इस सहयोग का उद्देश्य बेटी के नए जीवन की सुखद शुरुआत सुनिश्चित करना और उसे आत्मसम्मान के साथ ससुराल विदा करना रहा।

भारतीय संस्कृति में बेटी को लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। ऐसे में जब समाज के लोग मिलकर किसी जरूरतमंद बेटी के विवाह में सहयोग करते हैं तो यह केवल सहायता भर नहीं रहती, बल्कि समाज में सेवा, संस्कार और संवेदना की भावना को भी मजबूत करती है। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने कहा कि समाज के सामूहिक प्रयास से कई जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के जीवन में खुशियों के दीप जलाए जा सकते हैं। ऐसी पहलें समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ ही आपसी सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी देती हैं। कार्यक्रम में माननीय खंड संघ चालक बृजमोहन गौड़, जिला सह कार्यवाह नीरज त्रिपाठी, जिला सेवा प्रमुख पारस वर्मा, सेवा भारती नगर अध्यक्ष विजेन्द्र शर्मा, सत्यनारायण मालवीय, वसंत अग्रवाल सहित सेवा भारती परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।



वहीं शुभम स्कूल परिवार से प्रिंसिपल गौरी जादौन सहित अन्य सदस्यों ने भी सहभागिता करते हुए बेटी को आशीर्वाद दिया और उसके सुखी, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत का आज

**हरदा।** वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज जिला न्यायालय एवं सभी तहसील न्यायालयों में किया जावेगा। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा, चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर संबंधी प्रकरण, राजस्व प्रकरण, दीवानी मामले तथा अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य, प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। श्री राठौर ने बताया कि जिला मुख्यालय हरदा में 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ प्रातः 10:30 बजे से ए.डी.आर. भवन में किया जाएगा।

### 18 से 22 तक कृषि उपज मंडी में नीलामी बंद

**हरदा।** सचिव कृषि उपज मण्डी हरदा ने किसानों को सूचित किया है कि 18 से 22 मार्च तक मण्डी प्रांगण हरदा में नीलामी कार्य बंद रहेगा। उन्होने बताया कि 18 मार्च बुधवार को अमावस्या, 19 मार्च गुरूवार को गुढ़ी पड़वा, 20 मार्च को चेती चांद, 21 मार्च को ईदुल फितर तथा 22 मार्च को रविवार का शासकीय अवकाश होने के कारण मण्डी प्रांगण में नीलामी कार्य बंद रहेगा।

### अवैध मदिरा के विरूद्ध 19 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने शुक्रवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम बड़वानी, राजाबरारी, केली, काजल, कायदा, पीलियाखाल, टंकी मोहल्ला, खेड़ीपुरा, उड़ा, कुकड़ापानी, हरिपुरा, भीमपुरा, व नीमसराय में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 21 पाव देशी शराब, 39 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं 1160 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 19 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 1,25,375 रुपये है।

### आम जन अनुमोदित दरों पर 18 तक सुझाव प्रस्तुत कर सकेंगे

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टर सभाकक्ष में वर्ष 2026-27 के लिए मध्यप्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों का बनाए जाना एवं उनका पुनरीक्षण नियम 2018 के अंतर्गत जिले के लिए अचल संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण के लिए जिला मूल्यांकन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार कर प्रस्तावित अनंतिम दरों को अनुमोदित किया गया जो कि आम जनता से सुझाव प्राप्त करने एवं आम जनता के अवलोकन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा, खिरकिया व टिमरनी, कार्यालय जिला पंजीयक हरदा व उप पंजीयक हरदा व टिमरनी के कार्यालयों के सूचना पटल पर जन साधारण के अवलोकन हेतु उपलब्ध है। जो भी आमजन गाईड लाईन का अवलोकन कर एवं दरों के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत करना चाहते है वे अपने सुझाव तथ्यों सहित अध्यक्ष उप जिला मूल्यांकन समिति एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा, खिरकिया व टिमरनी के समक्ष 18 मार्च 2026 शाम 4 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित दिनांक एवं समय के बाद प्राप्त सुझावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### गैस सिलेंडरों की समीक्षक की गई

**सीहोर।** एलपीजी की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को की जाए। इसी क्रम में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने के उद्देश्य से आष्टा एसडीएम नितिन टाले, आष्टा थाना प्रभारी तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सिलेंडरों के स्टॉक की उपलब्धता की समीक्षा की गई।

## जल स्रोतों के संरक्षण के लिए 19 से जल गंगा संवर्धन अभियान

# अजनाल नदी तट पर श्रमदान कर जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ होगा

**जिला पंचायत सीईओ ने अभियान की तैयारियों की समीक्षा की**



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए 19 मार्च से ह्यजल गंगा संवर्धन अभियान 2026 प्रारम्भ किया जा रहा है। यह अभियान 19 मार्च गुड़ी पड़वा से शुरू होकर 30 जून 2026 तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की नदियों, तालाबों, कुओं और अन्य प्राचीन जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन करना है।

अभियान के तहत प्रदेश भर में नदियों के पुनर्जीवन, पुराने तालाबों की गाद निकालने और बावड़ियों की सफाई का कार्य प्राथमिकता पर किया जाएगा। इस दौरान जल स्रोतों के आसपास और नदी तटों पर सघन पौधारोपण किया जाएगा ताकि पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया जा सके। शुक्रवार को जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में ह्यजल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि अभियान के तहत जिला, विकासखण्ड, स्थानीय निकाय व ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जाएगा। इस अवसर पर बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम अजनाल नदी के तट पर श्रमदान कर प्रारम्भ किया जाएगा। बैठक में सीईओ जोसेफ ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अभियान के तहत किये जाने वाले कार्यों की कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करें।

अभियान के तहत पूर्व में किये गये कार्यों एवं पूर्ण हो चुके कार्यों की एन्ट्री जल संचय पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित किया कि अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाए। सभी अधिकारी अपने कार्यालय भवनों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को अभियान के तहत जल संरक्षण विषय पर निबन्ध लेखन, रंगोली, परिचर्चा एवं संवाद, शपथ जैसी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिये। सीईओ श्रीमती जोसेफ ने जन अभियान परिषद के माध्यम से अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल, कलश यात्रा, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, नदी गहरीकरण एवं पुनर्जीवन जैसी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश भी दिये। उन्होने इन गतिविधियों के आयोजन में स्वसहायता समूह दीदियों का सहयोग लेने के लिये भी कहा। बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला शिक्षा अधिकारी, जनपद पंचायतों के सीईओ सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## 18 मार्च को कार्यक्रम प्रस्तावित

# कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 18 मार्च को नेहरू स्टेडियम हरदा में कार्यक्रम होना प्रस्तावित है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन और सफल आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा अंजली जोसेफ जोनाथन को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है।

इसके साथ ही उन्होने जिले के अन्य विभागों के अधिकारियों को भी अलग-अलग दायित्व सौंपते हुए आदेश जारी कर दिए हैं। शुक्रवार को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर जैन ने प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा और अब तक की गई तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें और सौंपे गये दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। बैठक में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, हितलाभ वितरण सहित अन्य संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विस्तृत योजना बनाकर कार्य करने के लिए कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक, सीईओ जिला पंचायत अंजली जोसेफ जोनाथन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# शासकीय शिक्षक संगठन ने शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शासकीय शिक्षक संगठन जिला - हरदा ने शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को सौंपा।

शिक्षक पात्रता परीक्षा का आदेश जारी होते ही पूरे प्रदेश में इसका विरोध आरंभ हो गया है इसी क्रम में शासकीय शिक्षक संगठन जिला इकाई हरदा ने जिलाध्यक्ष मजीद खान के नेतृत्व में ज्ञापन दिया। साथ ही स्थानीय समस्याओ के लिए भी कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया जिसमे टिमरनी विकासखंड एवं हरदा विकासखंड में प्राथमिक शिक्षकों का फ़रवरी माह 2026 का वेतन नहीं हुआ जिसे शीघ्र करने कि मांग कि गई। हरदा विकासखंड में 141 शिक्षकों के वेतन से कि गई कटौती का वेतन आज तक शिक्षकों के खाते में जमा नहीं किया गया उसे शीघ्र करने का निवेदन ज्ञापन में किया गया है साथ ही जिन शिक्षकों के सेवा अवधि 12 वर्ष एवं 24 वर्ष पूर्ण हो चुकी है उन्हें नियमानुसार क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाय ई अटेंडेंस के कारण रुके हुए शिक्षकों का वेतन भुगतान, बाजनिया संकुल के डीए के एरियर्स का भुगतान, नवीन शिक्षक संवर्ग कि परीक्षा अवधि पूर्ण होने ओर 100% वेतन भुगतान तथा विकलांग शिक्षकों के विकलांग भत्ते का भुगतान कि मांग कि गई। संगठन के प्रांतीय महामंत्री अशोक कुमार देवराले ने बताया कि,शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी राजपत्र तथा उस समय प्रभावी नियमों के आधार पर विधिवत रूप से की गई है। अतः उन शिक्षकों के लिए बाद में शिक्षक पात्रता परीक्षा (ळएळ) अनिवार्य कर देना तथा 2 वर्ष के भीतर पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण न करने की स्थिति में सेवा समाप्ति जैसा कठोर प्रावधान लागू करना न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। उक्त शिक्षक वर्षों से निष्ठा एवं समर्पण के साथ विद्यार्थियों को शिक्षित करते हुए शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ऐसे में दीर्घकाल से कार्यरत शिक्षकों की सेवा को केवल पात्रता परीक्षा के आधार पर समाप्त करने का प्रावधान न केवल उनके भविष्य को असुरक्षित करता है,बल्कि इससे उनके परिवारों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

## विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर संपन्न

# सशक्तीकरण अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक आत्मनिर्भर बनाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शुक्रवार को महिला सशक्तीकरण अभियान के तहत शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित न्यायाधीश व सचिव चन्द्रशेखर राठौर ने अभियान तहत शिविर में उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं बताया कि महिला सशक्तीकरण अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने फैसले खुद ले सकें और पुरुषों के बराबर अधिकार पा सकें।

सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, और लाडली बहना जैसी योजनाओं के माध्यम से शिक्षा, सुरक्षा, और कौशल विकास (जैसे ड्रोन दीदी) को बढ़ावा दिया जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के माध्यम से लड़कियों को शिक्षित करना और कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना और ड्रोन दीदी योजना के माध्यम से 15 हजार ड्रोन पायलटों को प्रशिक्षण के जरिए स्वरोजगार को बढ़ावा इत्यादि विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नालसा, सालसा की चल रही विभिन्न विधिक सहायता योजनाओं यौन उत्पीड़न/ अन्य अपराधों की महिला पीड़ितों/उत्तरजीवियों के लिए मुआवजा योजना 2018, मानव तस्करी और व्यावसायिक यौन शोषण के पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं योजना, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एसिड हमलों के पीड़ितों के लिए विधिक सेवा योजना, 2016 तथा विभिन्न अधिनियमों लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के बारे में जानकारी प्रदान की, जिससे की महिलाएं अपने अधिकारों एवं कानूनों के प्रति जागरूक बन सके। जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने शिविर में उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को अभियान महत्व के बारे में बताया। इसी क्रम में उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को नालसा की किताब ह्यह्यजाने महिलाओं से संबंधित कानूनह्लह्ल का भी वितरण किया गया, जिससे कि वे अपने अधिकारों एवं कानूनों के प्रति जागरूक बन सकें। शिविर में महिला बाल विकास अधिकारी, प्रशासक सखी वन स्टॉप सेन्टर, सुचिता इक्का, टी.आई. आर.एस. तिवारी, कॉलेज के प्रशिक्षकगण, महिलाएं, कॉलेज की छात्राएं तथा पैरालीगल वॉलंटियर्स रेखा विश्नोई, एल.के.पारे आदि उपस्थित रहे।

# जिले के 59008 किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की राशि ट्रांसफर की गई




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को असम के गुवाहाटी से पी.एम. किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं क़िस्त की राशि किसानों के खाते में ऑनलाइन अंतरित की। हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, अधीक्षक भू-अभिलेख एस.के. मडण्लोई, सहायक संचालक कृषि अखिलेश पटेल सहित अधिकारी कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी देखा गया। अधीक्षक भू-अभिलेख एस.के. मडण्लोई ने बताया कि हरदा जिले के 59008 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो-दो हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की गई। इनमें हरदा तहसील के 10846, खिरकिया तहसील के 9328, टिमरनी तहसील के 9319, रहटगांव तहसील के 11784, सिराली तहसील के 9880 और हंडिया तहसील के 7851 किसान शामिल हैं।

# गणगौर के पहले दिन माता बहनों ने दिए सुंदर झालरे, मंडलियों ने मनोहक प्रस्तुतियां दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

ग्राम बालागांव में गणगौर महोत्सव के प्रथम दिवस ग्राम की महिलाओं द्वारा दिन में पाती खेली गयी। रात्रि में महिलाओं द्वारा और गांव के बच्चों द्वारा झालरे दिए गए। जिले में इन दिनों भजन मंडलियों द्वारा गणगौर गीतों पर झालरे प्रस्तुत कर देवी की उपासना की जा रही हैं। आयोजन में आसपास के ग्राम के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। ग्राम बालागांव में प्रथम दिवस श्री श्याम गणगौर मंडल रूपिपरेटिया , श्री भैरू बाबा गणेश मंडल नकवाड़ा, श्री गणगौर मंडल सकतापुर मंडल द्वारा सुंदर प्रस्तुती दी गई। आयोजक शिवनारायण गौर, भगवानदास गौर एवं पवन गौर द्वारा गणगौर महोत्सव का कार्यक्रम किया जा रहा है।

## गर्मी की दस्तक, पानी बर्बाद



**सीहोर।** गर्मी की दस्तक के साथ ही पानी का संकट भी शुरू हो गया है, ऐसे में अगर पानी की बर्बादी की जाए तो हालात ओर ज्यादा बिगड़ सकते है। कुछ एसा ही नजारा दुल्हा बादशाह रोड पर देखने को मिला। नपा की पेयजल लाइन लीकेज होने के कारण फव्वारा फूट पड़ा जिस के कारण हजारों लीटर पानी नाले में बह गया। बताया जा रहा है, कि नपा की मुख्य पेयजल लाइन में लीकेज को सुधारने वाल्व खोला गया। जिस के बाद लीकेज ठीक हुआ, तब कही जाकर पानी की बर्बादी रुक सकी।

## आदेश बीआरसी के पत्र के पांचवें दिन ही प्रभावशील कर दिया गया

# एक मात्र शिक्षिका को सौंपा मध्यान्ह भोजन का प्रभार अब छात्र-छात्राओं की पढ़ाई अतिथि शिक्षकों के भरोसे




हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

यहां सर्व शिक्षा अभियान में अधिकारियों की विवादास्पद-कार्यप्रणाली से शिक्षा-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है। ऐसे ही एक मामले में छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर,एक शिक्षिका को मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का प्रभार सौंप दिया गया। जबकि कक्षा 6 से 8 वीं तक के छात्र-छात्राओं को अतिथि शिक्षकों के भरोसे छोड़ दिया गया है।

यह मामला,शा.मा.स्कूल गोरखपुर का है और वहां की एक मात्र माध्यमिक शिक्षिका कविता खरे को स्थानीय जनपद शिक्षा केंद्र में पदस्थ कर उक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके अनुसार जिला पंचायत खरगोन के पूर्व सीइओ आकाशसिंह ने बीआरसी राघवेन्द्र जोशी की अनुशंसा पर इस आशय का 9 सितम्बर 2024 को आदेश जारी किया था। पत्र में कहा गया है कि बीआरसी ने उन्हें 5 सितम्बर 24 को पत्र लिखा, जिसमें स्वीकृत 5 पदों के विरुद्ध केवल 1 ही अकादमिक समन्वक के कार्यरत होने का हवाला दिया गया था। जिसमें कार्यालयीन एवं प्रशासकीय कार्यों के निष्पादन की समस्याओं का भी उल्लेख किया गया है। फलस्वरूप जारी आदेश में आगामी आदेश तक अस्थायी रूप से उक्त कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। यह आदेश बीआरसी के पत्र के पांचवें दिन ही तत्काल प्रभावशील कर दिया गया। अब स्थिति यह है कि उक्त स्कूल में 277 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जिसके अनुसार प्राथमिक स्कूल में 3 शिक्षक और माध्यमिक स्कूल में 2 अतिथि शिक्षक कार्यरत हैं। जबकि दो अन्य अतिशेष शिक्षकों को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया। इन हालातों में छात्र-छात्राओं के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में उक्त कार्यालय में तीन अकादमिक समन्वक कार्यरत हैं।

### इनका कहना है...

उक्त शिक्षिका को अकादमिक समन्वक पद के साथ ही मध्यान्ह भोजन का प्रभार सौंपा गया है। इस दौरान वहां दो अतिशेष शिक्षक पदस्थ थे,जिनका बाद में स्थानान्तारण हो गया।

**राघवेन्द्र जोशी**, बीआरसी जनशिक्षा केंद्र झिरन्या